# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

20/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar,Nuh(HR)**

# आरएएफ के जवानों व अधिकारियों ने नंहू के दो थानों का किया दौरा

भास्कर न्यूज। नूंह

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने सोमवार को जिले के दो थानों का दौरा किया। नूंह सदर थाना और महिला थाना नूंह में क्षेत्र में किसी प्रकार के पुराने विवाद, अपराध व दंगा-फसादों पर नियंत्रण पाने के बारे में चर्चा की। आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार मणि त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट हरैती राम मीणा, इंस्पेक्टर मेहर सिंह की मौजूदगी में आरएएफ 194 बटालियन के जवानों ने नूंह सदर थाना एसएचओ महेंद्र सिंह से मुलाकात कर इलाके के बारे में जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने एक-दूसरे के साथ विचार साझा कर किसी भी प्रकार के दंगों की स्थिति की जानकारी देने व उन्हें कंट्रोल करने में सहयोग देने की बात कही।

आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बटालियन किसी भी प्रकार के दंगों पर नियंत्रण पाने के लिए 24 घंटे तैयार रहती है। नूंह जिले के सभी थाना क्षेत्रों का लगातार दौरा किया जा रहा है। थाना प्रभारियों से मिलकर किसी प्रकार की इमरजेंसी में बटालियन द्वारा पूर्ण सहयोग देने बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार का दंगा होता है तो आरएएफ बटालियन उस दंगे को कंट्रोल करने का काम करती है। स्थानीय पुलिस द्वारा किसी प्रकार का दंगा कंट्रोल न होने की स्थिति में आरएएफ के जवान उस समय मोर्चा संभालकर दंगा कंट्रोल करती है।



नूंह. सदर थाने में पहुंचे आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार त्रिपाठी व जवान।

### आरएएफ जवानों से पुलिस को काफी मजबूरी मिलेगी: एसएचओ

नूंह सदर थाना एसएचओ महेंद्र सिंह ने कहा कि आरएएफ जवानों से स्थानीय पुलिस को काफी मजबूती व सहयोग मिलेगा। स्थानीय पुलिस और आरएएफ जवान मिलकर किसी प्रकार की स्थिति पर जल्द काबू पा सकेंगे। इलाके के लोग अमन शांति से रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी खराब हालातों में आरएएफ के अधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस को पूर्ण सहयोग दिया गया।

Dainik Jagran,Nuh(HR)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने सदर थाना और महिला थाना का किया दौरा



नूंह थाने में आरएएफ के साथ मौजूद एसएचओ महेंद्र सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, नूंह** : रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने सोमवार को जिले के दो थानों का दौरा किया। नूंह सदर थाना और महिला थाना नूंह में पहुंच इलाके में किसी प्रकार के हुए दंगों के बारे में जानकारी जुटाई। आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार मणि त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट हरैती राम मीणा, इंस्पेक्टर मेहर सिंह की मौजूदगी में आरएएफ 194 बटालियन के जवानों ने नूंह सदर थाना एसएचओ महेंद्र सिंह से मुलाकात कर इलाके के बारे में जानकारी हासिल की। क्षेत्र में किसी प्रकार के विवाद, अपराध व दंगा-फसादों पर नियंत्रण पाने के बारे में चर्चा की।

आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बटालियन किसी भी प्रकार के दंगों पर नियंत्रण पाने के लिए 24 घंटे तैयार रहती हैं। नूंह (मेवात) जिले के सभी थाना क्षेत्रों का लगातार दौरा किया जा रहा है। थाना प्रभारियों से मिलकर किसी भी आपातकाल में बटालियन द्वारा पूर्ण सहयोग देने के बारे में बताया जा रहा है। स्थानीय पुलिस द्वारा किसी प्रकार का दंगा कंट्रोल न होने की स्थिति में आरएएफ के जवान उस समय मोर्चा संभालकर दंगा कंट्रोल करती है।

वहीं नूंह सदर थाना एसएचओ महेंद्र सिंह ने कहा कि आरएएफ जवानों से स्थानीय पुलिस को काफी सहयोग मिलेगा। स्थानीय पुलिस और आरएएफ जवान मिलकर किसी प्रकार की स्थिति पर जल्द काबू पा सकेंगे।

इलाके के लोग अमन शांति से रह सकेंगे। आरएएफ के अधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस को पूर्ण सहयोग दिया गया।

Prabhat Khabar,Jamshedpur(JKD)

# रैफ टीम ने किया योग का उम्दा प्रदर्शन

**नरवा.** रैफ 106 बटालियन सुंदरनगर के कमांडेंट पीके सिंह के दिशा निर्देश पर रैफ परिसर के पैरेड ग्राउंड में योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. योग प्रशिक्षक डायरेक्टर सह डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण एवं सहायक डायरेक्टर सह सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह द्वारा देश के द्रुत कार्य बल के पांच वाहिनियों के 84 प्रशिक्षार्थियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण के दौरान टीम भास्कर, टीम नटराज, टीम त्रिवेणी, टीम शिवम तथा टीम गरूड़ द्वारा योग का उम्दा प्रदर्शन किया गया. योग प्रदर्शनी में इससे होने वाले फायदे भी बताये गये. प्रशिक्षुओं ने योग के माध्यम से दर्शाया कि योग हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है. इससे शरीर निरोग, लचीला व मजबूत बनता है. अभिषेक कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के दौरान कहा कि यह कोर्स 30 दिसंबर तक चलेगी. इस अवधि में योग के विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रदर्शन के अंत में कमांडेंट पीके सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा किये गये उनके उम्दा प्रदर्शन को सराहा.




Dainik Jagran,Bokaro(JKD)

# सुरक्षा का अहसास दिलाया

- माराफारी, बालीडीह समेत कई इलाकों में पुलिस टीम ने किया मार्च
- रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने शांति बनाए रखने की अपील

जागरण संवाददाता, बोकारो: पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स की टीम के साथ बालीडीह, माराफारी समेत अन्य इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च का उदेश्य आम लोगों में सुरक्षा का भाव भरना था। औचक हुए इस फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को वर्दीधारियों ने यह संदेश दिया कि हम लोग आपकी सुरक्षा के लिए हर समय सतर्क हैं। समाज में गलत करने की सोचने वालों को भी यह संदेश देना था कि अगर गलत हरकत करने की सोचे तो उसका परिणाम बुरा होगा। लोगों से अधिकारियों ने शांति बनाए रखने की अपील की तो लोगों ने भी सुरक्षा की पुख्ता तैयारियों को देखकर अधिकारियों का धन्यवाद किया। यहां आरएएफ के उप कमांडेंट राकेश प्रसाद, माराफारी थाना इंचार्ज रवींद्र कुमार सिंह, बालीडीह थाना इंचार्ज शैलेश चौहान समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे



बालीडीह व माराफारी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी व जवान • जागरण

CS Scanned with

# Malayala Manorama(TN)

# പുണ്യം പൂങ്കാവനം ഒൻപതാം വർഷത്തിലേക്ക്

**ശബരിമല ▸** തീർഥാടനകാലം മാലിന്യ മുക്തമാക്കുന്നതിന് ആരംഭിച്ച പുണ്യം പൂങ്കാവനം പദ്ധതി ഒൻപതാം വർഷത്തിലേക്ക് കടന്നു.

പുണ്യം പൂങ്കാവനം പദ്ധതിയുടെ പ്രവർത്തനങ്ങളുടെ ഉദ്ഘാടനം ദേവസ്വം വകുപ്പ് മന്ത്രി കടകംപള്ളി സുരേന്ദ്രനും പ്രചാരണ പരിപാടികളുടെ ഉദ്ഘാടനം തന്ത്രി കണ്ഠര് മഹേശ്വര് മോഹനരും നിർവഹിച്ചു. ദേവസ്വം ബോർഡ് പ്രസിഡന്റ് അഡ്വ. എൻ.വാസു, ബോർഡ് അംഗങ്ങളായ അഡ്വ. എൻ.വിജയകുമാർ, അഡ്വ. കെ.എസ്.രവി, ഐ.ജി. പി.വിജയൻ, എൻ.ഡി.ആർ.എഫ്. കമൻഡാന്റ് ജി.വിജയൻ, ആർ.എ.എഫ്. കമൻഡാന്റ് ജി.ദിനേശ്, പി.ആർ.ഡി. മേഖലാ ഡെപ്യൂട്ടി ഡയറക്ടർ ഉണ്ണികൃഷ്ണൻ കുന്നത്ത് തുടങ്ങിയവർ പങ്കെടുത്തു.




പുണ്യം പൂങ്കാവനം പദ്ധതി മന്ത്രി കടകംപള്ളി സുരേന്ദ്രൻ ഉദ്ഘാടനം ചെയ്യുന്നു

**എരുമേലി ▸** പാതയോരത്ത് കിടന്ന പ്ലാസ്റ്റിക് കുപ്പികൾ എടുത്തുമാറ്റിയും അയ്യപ്പഭക്തരോട് കുശലം ചോദിച്ചും സ്വയം പരിചയപ്പെടുത്തിയുമാണ് ഡി.ജി.പി. ലോക്നാഥ് ബെഹ്റ എരുമേലിയിൽ പേട്ടതുള്ളൽ പാതയിലൂടെ നടന്നത്. തീർഥാടനകാലം മാലിന്യമുക്തമാക്കാനും ഭക്തരെ ബോധവൽകരിക്കാനും പോലീസ് നടപ്പാക്കുന്ന 'പുണ്യം പൂങ്കാവനം' പദ്ധതി ഉദ്ഘാടനം ചെയ്യാനെത്തിയതായിരുന്നു അദ്ദേഹം. വൃത്തിയുടെ കാര്യത്തിൽ സംസ്ഥാനം ഏറ്റവും മുമ്പിലാണെന്നും 'പുണ്യം പൂങ്കാവനം' പദ്ധതിയിലെ ജനപങ്കാളിത്തവും മതസൗഹൃദത്തിന് ഉദാഹരണമാണെന്നും അദ്ദേഹം പറഞ്ഞു.

എരുമേലി ധർമശാസ്താക്ഷേത്ര നടപ്പന്തലിൽ നടന്ന ചടങ്ങിൽ നിലവിളക്കുതെളിച്ച് അദ്ദേഹം പദ്ധതി ഉദ്ഘാടനം ചെയ്തു. തുടർന്ന് പേട്ടതുള്ളൽ പാതയിലൂടെ നടന്ന് നൈനാർ മസ്ജിദിലെത്തി. [illegible]ിൽ കിടന്ന പ്ലാസ്റ്റിക് മാ[illegible]ങ്ങളും നീക്കം ചെയ്തു. [illegible]ജിദ് [illegible]റിയത്തിൽ നടന്ന മതസൗഹൃദ സമ്മേളനത്തിൽ ഗ്രാമപ്പഞ്ചായത്ത് പ്രസിഡന്റ് ടി.എസ്.കൃഷ്ണകുമാർ അധ്യക്ഷത വഹിച്ചു. അമ്പലപ്പുഴ സംഘം സമൂഹ പെരിയോൻ കളത്തിൽ ചന്ദ്രശേഖരൻ നായർ, കാഞ്ഞിരപ്പള്ളി രൂപതാ അധ്യക്ഷൻ ബിഷപ്പ് മാത്യു അറക്കൽ, ദേവസ്വം അഡ്മിനിസ്ട്രേറ്റീവ് ഓഫിസർ ഒ.ജി.ബിജു, പുണ്യം പൂങ്കാവനം നോഡൽ ഓഫീസർ പി.വിജയൻ, മാഗി ജോസഫ്, എസ്. മനോജ്, രാധാകൃഷ്ണപിള്ള, ടി.അശോക് കുമാർ, ശ്രീകുമാർ ശ്രീപാദം തുടങ്ങിയവർ പ്രസംഗിച്ചു.




പുണ്യം പൂങ്കാവനം പദ്ധതി എരുമേലിയിലെ പ്രവർത്തനോദ്ഘാടനം ഡി.ജി.പി. ലോക്നാഥ് ബെഹ്റ നിർവഹിക്കുന്നു




105BN RAF DURING SABRIMALLA LOW AND ORDER DUTY AT COIMBATORE (TN)

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**